कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/माध्य/मा–स/विविध/दिवस/2014–17/ दिनांक : 26.05.2017

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय

विषय :– दिनांक : 21 जून, 2017 को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" का आयोजन के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– उप शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–6)विभाग, राजस्थान, जयपुर का पत्रांक : प.24 (36) शिक्षा–6/2015/योग दिवस, जयपुर, दिनांकः 17.5.17 एवं 24.05.17 व विभाग का समसंख्यक पत्र 18.04.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत शासन के प्रासंगिक निर्देशों के क्रम में लेख है कि विभाग के समसंख्यक पत्र द्वारा दिनांक : 21 जून, 2017 को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" का आयोजन समस्त राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं में समारोहपूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था। शासन के प्रासंगिक पत्रों के क्रम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित् करावें :–

1. समस्त राजकीय विद्यालय ग्रीष्मावकाश के उपरान्त दिनांक 19 जून, 2017 को खोलने के निर्देश विभाग द्वारा पूर्व में ही जारी किये जा चुके है। साथ ही राज्य में राज्य स्तरीय व समस्त जिला मुख्यालयों, समस्त ब्लॉक मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रातः 07.00 से 08.00 बजे तक आयोजित होने वाले "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" समारोह में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता सुनिश्चित् करने हेतु निर्देश प्रदान करें।
2. शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत समस्त शारीरिक शिक्षकों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा द्वारा जिला आयुर्वेद अधिकारियों को उपलब्ध करवाई जावे। साथ ही "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के सम्बन्ध में आयोजित होने वाली बैठकों में आमंत्रित किये जाने पर उपस्थिति सुनिश्चित् करावें।
3. जिला आयुर्वेद अधिकारियों के माध्यम से विभागीय शारीरिक शिक्षकों को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में समस्त शारीरिक शिक्षकों को आवश्यक रूप से भाग लेने हेतु पाबन्द कराया जावे।
4. राज्य, जिला, ब्लॉक "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम चलाये जाते है तो इन पूर्वाभ्यास कार्यक्रमों में समस्त शारीरिक शिक्षकों को आवश्यक रूप से भाग लेने हेतु पाबन्द कराया जावे।
5. 19 जून 2017 को विद्यार्थियों द्वारा जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत पर एक साईकिल रेली/प्रभात फेरी निकाली जावे। इस हेतु समस्त विद्यालयों को निर्देशित करावें।
6. "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" समारोह में समस्त निजी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों को भाग लेने हेतु भी निर्देशित कराया जावें।
7. "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के आयोजन के पश्चात सात दिवस में प्रतिवेदन शासन को भिजवाते हुए प्रति उपलब्ध करावें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. उप शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–6)विभाग, राजस्थान,जयपुर को प्रासंगिक पत्रों के क्रम में।
2. समस्त मण्डल उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को क्षेत्राधिकार में प्रभावी प्रबोधन एवं समुचित पर्यवेक्षण हेतु।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय का पता :– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर ☎0151–2544043
Email : ad.secondary.dse@rajasthan.gov.in
www.rajteachers.com